गया। अब मैंने रूलिंग दे दी है कि चूंकि फिर उस कैटेगरी में ही आया है इसलिए अब इसको उठाने की इजाजत नहीं मिलेगी। इस रूलिंग के बाद आप कृपा करके बैठ जाइए।

**श्री भोगेन्द्र झा** : इस पर सदन को अपनी राय देने का अवसर दें।

**सभापति महोदय** : एक मर्तबा अवसर दे दिया गया है।

---

**15.10 hrs.**

CONFERMENT OF DECORATIONS ON PERSONS (ABOLITION) BILL—*Contd.*

MR. CHAIRMAN : We will now take up further discussion on the Conferment of Decorations on Persons (Abolition) Bill. Mr. Bedabrata Barua.

SHRI BEDABRATA BARUA (Kaliabor) : Sir, last time we had occasion to discuss the subject in relation to the general feeling against even these feudal decorations that were existing in our country from the time of independence and even earlier, I had occasion to say that these feudal decorations did have certain respectability. Even then, we did well in throwing away these privileges and honours on the bland argument that a republican and democratic system cannot possibly have these incongruities and anachronisms. Now that we have this Bill before use national debate is inevitable on the merits of the awards and decorations that had been granted by the Government annually. It is in the fitness of things that the whole country has taken a very keen interest in these awards and opinions had been expressed. What is very significant is that a system which is republican, not in the totalitation or socialist sense, but having a parliamentary system is capable of accommodating itself to the grant of awards. This had happened in America, I gave examples the other day. This is bound to happen in our country also. The awards have not been fitted into and could not be fitted into the social structure that we have adopted or the political atmosphere in which we live today. There are signs of rejection by the people...(*Interruptions*) This popular rejection has been evident in the numerous editorials and other opinions that had been expressed. In fact from the time of their institution the awards have come down so much in public asteem that only when somebody has done something wrong these titles are used in a very taunting sense. Otherwise these titles do not come to be used. I do not say that they were given with any intention of bringing them into disrepute. I have no doubt the intentions were good and there are also many things to be said in favour of awarding these titles. It is also true that all systems including that US system have found some way of awarding such titles. Even then we found how exactly have worked out and how they have been utilised. In our society where a lot of things have to be destroyed and pulled down, men who need to be honoured have not been honoured; even in western or English society, they had not been honoured and could not possibly be honoured. Men like Shaw, GH Cole and Aldous Huxley and men of their type challenged practically every institution that was socially acceptable, including marriage. They were conoclasts and it is my personal view that in India we require possibly a great number of such iconoclasts who will pull down sym bols and ideals because sometimes we have a cornered society which is tied down to a past out of which we must emerge into the present and the future. It would never be possible to honour an innocent man but a man of achievement; it would be much more difficult to honour a man who tries to revolutionise society.

**श्री भोगेन्द्र झा** (जय नगर) : सभापति महोदय, हाउस में कोरम नहीं है। अगर कोरम हो जाये तो मैं कमेटी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश करना चाहूँगा।

**सभापति महोदय** : कोरम है।

SHRI BEDABRATA BARUA : I have absolutely no doubt that only a man who

[Shri Bedabrata Barua]

is beyond all controversy, whose contributions have become stale, can be honoured with some possibility that there would be no risk about that being challenged. In our society as it is today, everything is being challenged. When an honour is given in a feudal society, it is all right, Even in a communist society, it may be all right because in a feudal or communist society, the Government's prestige is never questioned. When the prestige of the Government is questioned, the honours given would be considered to be given under political influence. I do not think in our country honours are given under political influence. The list of honours would show that quite a large number of them. would be completely noncontroversial. They may not be of highest quality of men, but certainly they are non-controversial and that should have gone in its favour, But the point remains that in our society it is hardly possible to find a number of non-controversial great men who can be honoured.

I would concede that when the honours were started, the intentions were quite laudable. We wanted to create a system by which we could encourage service to society and community, honest attempts to pursue the truth and also to give some sort of respectabily to the ruling class. It is sometimes necessary in any society. Though personally, I would not like to give any respectability to any ruling class, the ruling class, the ruling class has always created some respectability around it. When King Gustov of Sweden went to Germany on a State visit, he was compliment for the achievements of Scheele, a scientist who discovered magnesium. But King Gustov, may be a great ruler, had absolute no idea of what Scheele was. He a sent cable hom saying this man must be honoured. He asked his ministers to make Scheele a Count. The ministers also did not have any idea of who Scheele was. They caught hold of one Scheele who was a champion at billiards and made him a Count. The real Scheele remained unhonoured. I do not say that these things will happen today. We are advanced, but there is quite a likelihood that this may be used by businessmen for business advantages; and by politicians for political advantages. A political lead in a particular State may think that the defector may be the most honourable man to be honoured !

I would say, the system of honours, the manner in which we have given them, requires to be reconsidered. As Acharyaji pointed out, the Constitution is very clear that we do not honours in this manner possibly. We call them awards. Even then, possibly we could not give a plethora of awards every year. We have taken it rather prosaically. We have imitated the British tradition. We need not imitate a British practice which does not fit in with our structure of society. Today we have to re-examine the whole question and find out how these honours can be given only to a very few people and whether they can be honoured through universities or academic or other methods.

So far as military honours are concerned, they should continue. I believe that a reconsideration of the whole matter is called for. This has not really functioned very well and should be discontinued. I believe that we should not only reconsider the matter but should stop giving these honours in the fashion that we are giving.

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : आचार्य कृपलानी जी ने जो विधेयक हम लोगों के सामने पेश किया है, उसका मैं तहे दिल से समर्थन करता हूं। इस पर लम्बा चौड़ा भाषण करने की आवश्यकता नहीं है। इस सुप्रीम कोर्ट के माननीय जजों की राय है कि इस तरह के एवार्ड देना संविधान के बरखिलाफ है। कल रात मैं डा० सुब्बा राव की किताब पढ़ रहा था। वह सुप्रीम कोर्ट के भूतपूर्व चीफ जस्टिस हैं। उन्होंने चिमन लाल सीतलवाद व्याख्यान माला में इसके बारे में भी कुछ बात कही है। उन्होंने कहा है कि इस तरह का डिसटिंकशन और दूसरा जो अपवाद उसमें किया गया है, उसके अलावा किसी भी तरह का इस तरह का एवार्ड देना, संविधान की हत्या करना है।

**श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे** (बेतूल) : किसी मुकदमे में यह राय उन्होंने व्यक्त की है ?

**श्री मधु लिमये** : उनके राय की कुछ तो आप कीमत करिए। मतभेद तो होता है...

**श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे** : संविधान के मामले में मैं आपकी राय की ज्यादा कद्र करता हूं डा० सुब्बा राव के मुकाबले में।

**श्री मधु लिमये** : मैंने तो पहले ही कह दिया है कि मैं इसका तहे दिल से समर्थन करता हूं। मैं कुछ लोगों की जानकारी के लिए यह कहना चाहता हूं कि हमारे जैसे जो राजनीति में काम करने वाले लोग हैं, सिर्फ उन्हीं लोगों की यह राय नहीं है लेकिन डा० सुब्बा राव जो भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं, सर्वोच्च न्यायालय के, उनकी भी यही राय है। श्री लोबो प्रभु वगैरह के ऊपर ज्यादा असर पड़ेगा, इसलिए मैं कह रहा हूं। अब डा० सुब्बा राव के बारे में कोई भी यह नहीं कहेगा कि वह बहुत बड़े समाजवादी हैं। बल्कि जायदाद वगैरह, सम्पत्ति वगैरह के मामले में उनकी राय और हमारी राय में जमीन और आसमान का फर्क है, यह आप जानते ही हैं। इसलिए जब उनके जैसा व्यक्ति भी कहता है तो मैं क्या कानून मंत्री से यह आशा कर सकता हूं कि वह अपने जवाब में घिच पिच वाले सवाल को छोड़ें...

**विधि तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री हनुमन्तय्या)** : मैं जवाब नहीं दे रहा। होम मिनिस्टर का यह सब्जेक्ट है।

**श्री मधु लिमये** : लेकिन आपके मंत्रालय ने कभी राय दी है कि यह संविधान के अनुकूल है नहीं ? एवार्ड देने के पहले आपके पास या उस समय के जो एटर्नी जनरल थे, उनके पास कभी यह मामला गया था ? इसके बारे में कभी आप खुलासा करेंगे ? यही झंझट है कि सुप्रीम कोर्ट के जज के बारे में भी एलौमेंट होता है तो होम मिनिस्ट्री के द्वारा होता है...

SHRI NATH PAI (Rajapur) : Mr. Chairman, there is a point of order. The points Shri Madhu Limaye is raising are very important. Dada Kripalani's motion is of great interest to us all. Now we are told by the Law Minister that the reply will be given by the Home Minister. Is it showing sufficient respect to the House that those who are going to reply are not going to bother to listen to the arguments in support of the Bill ? How is the reply to be given ? Is the reply to be a tailor-made one that since this is an Opposition Bill it has to be opposed ? Why is there not somebody to take note of the points and answer them point by point ? It is not enough that there should be quorum but you should direct the minister to be present and till then we should suspend the debate.

SHRI K. HANUMANTHAIYA : The Minister of State has just now gone out only for two minutes.

**श्री रवि राय** (पुरी) : सभापति महोदय, आप कैबिनेट स्तर के मंत्री को कहें कि वह यहां रहें, भाषणों को सुनें और उसके बाद जवाब दें।

**श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे** : अभी एक मिनट के लिए उठ कर गए हैं।

**सभापति महोदय** : होम मिनिस्टर अभी आ जाते हैं।

**श्री मधु लिमये** : मैं यही मान कर चल रहा था कि श्री हनुमन्तय्या साहब इसका जवाब देने वाले हैं और इसीलिए वह यहां बैठे हैं और हमारी बातों को सुन रहे हैं।

आचार्य कृपलानी जी ने जो सवाल उठाया है वह महत्वपूर्ण सवाल है संविधान में जो 18वीं धारा है और जिसको बुनियादी अधिकार कहा गया है उस बुनियादी अधिकार का मतलब

[श्री मधु लिमिये]

यह है कि उसमें आप परिवर्तन नहीं कर सकते हैं। ऐसी हालत में आचार्य कृपालानी जी ने इस बात को कहा है कि संवैधानिक के बरखिलाफ आप लोग काम कर रहे हैं। ऐसी हालत में क्या संवैधानिक इसका पहलू है इसके बारे में कानून मंत्री को कुछ कहना चाहिए। मेरी आशा थी और मैं यह मांग भी करूंगा कि अटर्नी जनरल को भी बुलाया जाय और वह भी राय दे दें और हम लोग सर्व सम्मत्ति से आचार्य कृपलानी जी के विधेयक को यहां पास करें।

इसके बारे में कई बार प्रधान मंत्री के साथ हमारा पत्र व्यवहार भी हुआ है। आज यह पद्म श्री, पद्म विभूषण, पद्म भूषण, भारत रत्न आदि जो एवार्ड हैं, ये किन लोगों को दिये जाते हैं ? गूजरमल्ल मोदी को। क्या काम किया है...

**एक माननीय सदस्य** : चन्दा दिया है।

**श्री मधु लिमये** : कांग्रेस पार्टी को चन्दा दिया, टैक्सों की चोरी की। ऐसे लोगों को यह पद्म श्री वगैरह दी जाती है। आश्चर्य की बात है और मुझे अफसोस है इस बात पर कि अली अकबर जैसा जो महान संगीतकार है और बजाने वाला है, उसको भी आप पद्म श्री देते हैं, जिस को अगर देना है तो भारत रत्न देना चाहिए था। और आज गूजर मल्ल मोदी जैसे चोर को भी देते हैं। इससे साबित होता है इनकी एवार्ड्ज का कोई मतलब नहीं है। अली अकबर जो महान है वह आप लोगों के पद्म श्री की वजह से नहीं है। उसी तरह से मुझे पता नहीं कि यामिनी कृष्णमूर्ति जैसी महान नर्तकी को इन्होंने क्या दिया है, लेकिन अगर दिया भी है ..

**सभापति महोदय** : आप "चोर" शब्द वापिस ले लें।

**श्री मधु लिमये** : मैं नहीं लेता हूं। मैं साबित करूंगा।

**श्री रबी राय** : टैक्स चोर।

**श्री मधु लिमये** : मेरी जेब नहीं काटी उन्होंने हालांकि सभी कस कमर लोगों की काटते हैं। वह अलग बात है।

यामिनी कृष्णमूर्ति महान नर्तकी हैं। कभी उनको एवार्ड दिया है ? दिया है तो उसकी वजह से वह महान नहीं है, बड़ी नहीं है। देश में जो महान वैज्ञानिक हैं, महान साहित्यकार हैं, महान संगीतकार हैं, महान कलाकार हैं, उन्हीं को वास्तव में यह भारत रत्न वगैरह देना चाहिए था। लेकिन आप लोग यह राजनीति में काम करने वाले लोगों को देते हैं।

मैं अन्त में इतनी ही प्रार्थना करूंगा कि संवैधानिक पहलू के बारे में इस विधेयक के कोई मतभेद नहीं होना चाहिए। जो इस तरह के महान कलाकार लोग हैं, उनको आपके एवार्डों की आवश्यकता नहीं है। जनता के द्वारा उन को मिल जाता है। बाकी लोगों को देना अनुचित है, गैर मुनासिब है, इसलिए इसको खत्म करो। मेरी यह प्रार्थना है कि संविधान की मर्यादा की आप रक्षा करो।

**SHRI N.K.P. SALVE** : Mr. Chairman, Sir, though I rise to oppose the Bill...... (*Interruption*) I would make my submission about constitutional provisions also to Mr. Madhu Limaye for his consideration.

**SHRI NATH PAI** : You begin with them.

**SHRI N. K. P. SALVE** : I shall come to them very shortly. But I must hasten to add that any observer who has a fair perspective of the history of India's freedom struggle will not fail to see the noble sentiments and the lofty motives behind this Bill.

The spirit of the Bill, I have to concede, has its own merits because it focuses atten-

tion on certain facets, on certain facets, of awards and decorations, specially some of the facets which have been referred to by Mr. Madhu Limaye, because they are given by a Government headed by politicians who are not likely to be free from pressures. Whether they are there or we are there or anyone else, as long as politician are there anywhere in the world, they are likely to be subjected to certain pressures which may be pernicious and which may be undesirable and specially, in India, it is not only the politicians but also the Government which unfortunately happens to be manned by bureaucracy which is extremely corrupt and one full of intrigues. Therefore, award of decorations. I also has its own limitations see the mover, a true Gandhian, has aversion to any pomp and ostentation and also his dislike to vulgarly showiness and that is something which is understandable. But I am unable to agree with the content or the provisions of the Bill because they hit at the very root of the institution of the recognition of human merits, of noble deeds of distinguished services, of meritorious record and of exceptional talents. In fact, even Mr. Madhu Limaye and others do not say that people in India have not performed these noble deeds and exceptional acts wnich require recognition. He only said that the way the whole thing is being done is not fair and proper. I submit I have something different to say. I think, some adulation and applause is necessary. to encourage talents There is a certain amount of incentive, a certain amount of boosting, necessary for human endeavours and the recognition, if properly handled, if awards and decorations are properly handled, it can give the necessary boost to human endeavours. Sir, human, mind, being what it is – after all we are not judging the entire position in a vacuum and when I am speaking of human mind, I am speaking of a normal human mind, not of a person who is a human robot who is not susceptible and who does not take into account normal human feelings, who to indifferent to anything that is going on next to him needs recognition and decides that merits and great talents should be rewarded. The entire wealth of the nation sometimes cannot give joy, it cannot give the delight which the recognition can give to an artist. Sir, I shall immediately come to the question of the constitutional provisions.

Art. 18 of the Constitution has been relied upon by Mr. Madhu Limaye. In fact it has also been relied upon by the mover of the Bill and the mover of the Bill in the Objects and Reasons has stated that award of decorations is nothing but circumvention of the prohibition contemplated in Art. 18. While dealing with this aspect of the matter I want to make clear that there is no circumvention whatsoever either in spirit or in the letter of Art. 18 in awarding decorations. The mover has stated in the Statement of Objects and Reasons that our Constitution (Art. 18) has abolished all titles but these titles are sought to be brought in by the backdoor methods such as decorations introduced by the Government of India by an executive order, namely, Bharat Ratna, Padma Vibhushan, etc.

Art. 18 of our Constitution reads in the following terms :

"Abolition 18 (c) titles.

(1) No title, not being a military or academic distinction, shall be conferred by the State

(2) No citizen of India shall accept any title from any foreign State."

(2), (3) and (4) are irrelevant. The main phraseology for consideration is that no title not being a military or academic distinction shall be conferred by the State. That means when military or academic distinctions are conferred. (*Interruptions*) Titles to the extent of military and academic distinctions are saved.

My submission is that titles and decorations are entirely different concepts. Title is one thing and decoration is different. And Art. 18 does not speak of decorations at all. What is a Decoration ? What is a Title ? The Dictionary meaning of 'Title' states : "a name, a descriptive designation; an appellation significant of office, rank etc.; especially a designation of

[Shri N. K. P. Salve]

nobility" The Dictionary meaning of 'Decoration' states. "The act, process or art of decorating; ornamentation; an ornament; A badge or emblem conferred as a mark of honour; a medal." Shri Madhu Limaye is a very sensitive student of Constitutional law and he will appreciate the distinction. (*Interruption*) whether you like it or not, this is the distinction I would like to draw your attention to.

श्री मधु लिमये: यह लीगल डिक्शनरी है या आक्सफोर्ड डिक्शनरी है ?

SHRI N. K. P. SALVE : This is from Funk and Wagnalls Standard Dictionary. You can refer to it. You can refer to any Law Lexicon. If I have created this definition merely to buttress; my contention, then you can blame me but if this distinction is valid and correct then, it is absolutely irrefutable that Titte and Decorations are absolutely two different ideas, two different concepts and Article 18 deals with Titles and not with Decorations. To say that awarding of Titles is repugnant to or contrary either to the spirit or the letter of the provisions of Article 18 is, I submit, with all respect, complete misreading of the Article itself. The Article does not contemplate that Decorations could not be awarded. What Mr. Justice Subba Rao says in this matter is his own view. May be, awarding of Decorations is not liked by many people. We have seen far too many decorations being awarded to people some of whom are not deserving. On that point I don't disagree at all with Shri Madhu Limaye. I have some instances to narrate myself, of undeserving decorations.

But, Sir, it is one thing to say that even if we are permitted by the Constitution, we do not like the granting of such Awards. And, it is quite a different thing to say that Article 18 puts a complete bar on the awarding of Decorations. I submit that Article 18 does not put any such bar on the awarding of Decorations.

I am unable to understand why it is stated in the Statement of Objects and Reasons of this Bill that it is repugnant to the concepts of Socialism and Democracy and that it makes distinction between citizen and citizen. This is given for meritorious services performed by persons in all walks of life, from the richest to the poorest sections.

SHRI NATH PAI : May I interrput for a minute ? Mr. Chairman, the Hon. Member, who is in possession of the floor, quoted Article 18 and gave a farfetched interpretation. The Article reads : 'No title, not being a military or academic distinction, shall be conferred.' Title includes distinction also. Please see the very wording of Article 18. The word 'Title' also happens to be distinction when it says—'not being a military or academic distinction.' I would like the hon. Member to ponder a little more seriously apart from the dictionary meaning because here itself the word 'Title' happens to include 'distinction.' Distinction is like the awarding of 'Padma Bhushan' 'Padma Vibushan', 'Padma Shri' etc. I would like him to say whether I am correct or not.

SHRI N. K. P. SALVE : I am grateful to Shri Nath Pai. The Article says : "No title, not being a military or academic distinction."Therefore under article 18 it has necessarily to be a title ; a distinction to be in the nature of a title is probitited under article 18, unless it falls within the exception Again, I will quote the provision which says : 'No title, not being a military or academic distinction'—that means, an academic or military distinction notwithstanding Article 18 can be conferred. This is the simple meaning from the reading of this Article.

SHRI NATH PAI : Distinction only in the military or academic fields.

SHRI N. K. P. SALVE : Title may be a distinction and unless the distinction is academic or military it is not saved. But there is nothing repugnant to Article 18 in awarding of decorations. At any rate, Shri Nath Pai has nothing to say abouts the two concepts being entirely different. Is it his claim that title also partakes of the character of decorations, and, therefore, these decorations which are of academic and military nature are saved ? Here, I must submit that with the utmost respect, I

disagree, because, as I have pointed out, titles and decorations are entirely two different concepts.

The second aspect of the matter is that this type of awarding of decorations is an anachronism, and that this is opposed to the principles of democracy. As long as we draw people who are to be honoured from all walks of life, from the poor, from the rich, from teachers, from artists, from artisans, and irrespective of the social status or the monetary status that they have, I do not understand how it will go either against socialism or against democracy.

AN HON. MEMBER : He wants Rao Sahibs and Rai Sahibs again ?

SHRI N. K. P. SALVE : Do my hon. friends understand the concept of equality ? If they understand the concept of quality, then they would understand what I am saying. Let me explain it. The concept of equality is not that the law is the same for each and everyone, The concept of equality means that amongst equals, the law has to be the same.

SHRI RANGA (Srikakulam) : The law should be the same for everyone.

SHRI N. K. P. SALVE : If my hon. friend does not understand constitutional law, then let him keep quiet. The concept of equality means that amongst equals, the law has to be the same ; the same law does not apply to everybody. That is what I mean by equality. If there are able men, artisans, artists and other people from all walks of life, draw from them, decorate them, and certainly there is no discrimination in that. That is why a rational classification has been accepted.

SHRI RABI RAY : Was Modi an artist ?

SHRI N. K. P. SALVE : I am aware that the decorations have been bestowed indiscriminately on businessmen and others. In fact, one of my suggestions is that any decoration awarded to any person who is found guilty of any commercial offence should be withdrawn. We should be extremely, strict about the awarding of decorations......

SHRI KAMALNAYAN BAJAJ (Wardha) : Why only commercial crimes ? Let it be any crime.

श्री रबि राय : क्योंकि मोदी साहब को मिला हुआ है......

श्री कमल नयन बजाज : उन पर भी करिए, सब पर करिए ।

SHRI PILOO MODY (Godhra): Including election offences.

SHRI N. K. P. SALVE : I am entirely agreeable that any types of offences excluding those offences which are committed for political objectives—because Shri Madhu Limaye has been convicted sometimes here and there and such offences are in my opinion, no offences as such—......

श्री मधु लिमये : उन आफेंसेज के लिए मुझे अभिमान है और फिर मौका आएगा तो फिर करूंगा ।

श्री जनेश्वर मिश्र (फूलपुर) : सभापति महोदय, साल्वे साहब को 47 के पहले भी सजा नहीं हुई क्या ?

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे : सभापति महोदय, इसमें कुछ अपवाद करना पड़ेगा और अपवाद ऐसा किया जाय कि मधुलिमये जी, नाथपाई जी और मिश्रा जी छूट जायं ।

Let us have some more serious discussion on this. The next objection is that the government of the day is not the best judge about the merits of the recipient, and that the awards degrade both the giver and the recipient. The second part of the matter is that the awards degrade both the giver and the recipient. I shall make my submissions on this aspect a little later.

[Shri N. K. P. Salve]

But let us examine the earlier proposition that the government of the day is not the best judge about the merits of the recipient. I take it that the government of the day is going to be as bad or as good in future as it is today. Keeping that as the assumption, let us examine this proposal that the government of the day is not the best judge of the merits of the recipient. If the government of the elected people of the country is not the best judge to recognise the merits and exceptional talents of a person or a citizen of the country, who then is the best judge ? Is it safer to leave this question of recognition of talents and exceptional deeds and outstanding performances in the hands of any private organisation or some institute or some vo luntray organisations ? Would they be the best judge ? After all, if you accept that the awarding of the decorations is an institution which does give some incentives to human endeavours and does give some recognition to human talents, hen I do sumit that it is one thing to say the government, though capable of giving the best judgment in certain cases has not given the best judgment. It is an other thing to say that Government is not the best judge of the merits of the matter. My dispute is with the proposition that the Government is not the best judge of the merits of the recipient. Not for a moment do I say that every time a judgment is given about the merits of a recipient it is the best judgment. After all, judges being what they are—they are also human beings—there are always inherent possibilities of errrors. The errors can be *mala fide* or *bona fide*. If one were to pore into all the judgements delivered in all these years, decades and centuries. there is bound to be found one error or another. The question is not that, whether or not Government is free from that inherent possibility of an error of judgment The question is, is there anyone else than Government who can judge the merits better ? I should like to know from Acharyaji as to who he thinks to be a better judge than Government of the merits the recipient.

SHRI J. B. KRIPALANI (Guna): God will be the judge. When they die, they will get their merits or demerits recognised, on the day of judgment.

AN HON. MEMBER : History.

SHRI PILOO MODY: Let him not allow his heathen self to contradict Dada on that score.

SHRI N. K.P. SALVE : Let Shri Mody bear in mind that some day will come when he will be judged.

AN HON. MEMBER : The hon. member also.

SHRI N. K. P. SALVE : All of us will be judged.

SHRI PILOO MODY : The devil will judge him !

SHRI N. K. P. SALVE : It is contended that it degrades or debases not only the giver but also the receiver. So far as the recipient is concerned, I am entirely in agreement with Shri Madhu Limaye that some of them have received these decorations without deserving them in the least If at all they deserved anything, it was something else. But they have received. decorations. In fact, it is within my knowledge that some of them have put their decorations to commercial exploitation In fact, a certain managing director of a company wrote a letter to me sometime ago On his letterhead was written 'Ex-Rai Bahadur, Padma Vibhushan' so and so ...

SHRI NATH PAI : May I answer Shri Salve's point by quoting from the proceedings of the Constituent Assembly ? His contention is that distinctions and titles are very different. His whole case is built on the contention that titles are completely different from distinctions.

SHRI N. K. P. SALVE : That is not my case.

SHRI NATH PAI ; No, no; he said it.

SHRI N. K. P. SALVE : I said title by itself is a distinction.

SHRI NATH PAI : I made it very clear when I quoted art. 18; it was to drive

home the point that distinctions and titles are the same. I will quote one paragraph from the Constiuent Assembly proceedings where Shri Sri Prakasa says :

> "If they want to honour a leader, then I will say, honour him. But we want to abolish this corroding, corrupting practice which makes individuals go about currying favour with authority to get particular distinctions".

This was the point I made earlier, but I understood Shri Salve to hold earlier that distinctions and titles are not the same. If he now shifts his stand, then of course it is a different matter.

SHRI N. K. P. SALVE : Distinctions in art. 18 may have been used in the same sense. I made it very clear—and that was my contention—that titles, to the extent of military and academic distinctions, are saved to the extent they are titles and can be conferred. What I said was that titles and decorations are two different concepts. That is my basic contention.

SHRI J. B KRIPALANI : Are awards distinctions or not ?

SHRI N. K. P. SALVE : Awards could be distinctions.

SHRI J. B. KRIPALANI : Why does he not go to school again ?

SHRI N. K. P. SALVE : I do not want to reply to Dada, otherwise I could have told him how much more I have learnt since he went to school. I do not want to make any irreverential reference to him. I would request him to listen to others. We have got great respect, reverence and affection for him though we may have different opinion on certain matters.

SHRI J. B. KRIPALANI : This is a question of plain English. It is not a question of my honour.

SHRI N. K .P. SALVE : It is as much plain English for me as for him. He may not agree.

I was submitting that there has been commercial exploitation of this, and I think what infuriated Kripalaniji to move this Bill was the award of decorationst some film producer who made some extremely profane and irreverential reference to Mahatma Gandhi and the award of this decoration, I am told, to the proprietor of a brewery. I admit that these decorations have been given to some of the film people, and that is an aspect which has been causing a whole lot of criticism of the Government, but some of them are really great artistes. For instance Subbulakkshmi was given Padma-Bibhushan. It has been conferred on. Lata Mangeshkar who has one of the finest and richest voices. What is wrong with it ? The fact that she is working in films does not mean that she does not deserve this decoration.

The criteria for awarding these decorations are not very clear. The Bharat Ratna is to be awarded for exceptional service towards the advancement of art, literature and science, whereas the Padma Vibhushan is to be awarded for exceptional and distinguished service. Bharat Ratna is for exceptional service and Padma Vibhushan is for exceptional and distinguished service. Exceptional and distinguished service must be given the number one decoration and not number two. So, there is a patent fallacy in this type of criteria which has been laid down. It seems some bureaucrat has written this without understanding all these enomalies in the matter. I do hope that they do some amount of rationalisation of this matter. While so rationalising, may I suggest to the Government to have an additional award on its list called Pati Ratna. This should be given to a political husband of a lady who, notwithstanding the political opposition of the wife renders uninterrupted distinguished and exceptional service to the national cause. When the husband and wife are in two different parties, the claim must invariably be conceded.

In view of this submission, I would request Acharya Kripalani to withdraw this Bill, and if he does not withdraw the Bill, may I request .....

SHRI NATH PAI : He has moved an amendment to the Bill, Amendment No. 1.

[Shri Nath Pai]

An amendment cannot be a complete negation. An amendment means that he accepts the Bill and he wants to improve or change the Bill. Is he withdrawing the amendment or does he stick to it ?

SHRI J. B. KRIPALANI : I am going to accept the amendment.

**सभापति महोदय** : इसमें अमेंडमेंट का कोई सवाल नहीं है ।

**श्री जी० भा० कृपालानी** : अमेंडमेंट मूव हुआ है ।

**श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे** : मेरा कहना यह है कि एक पति-रत्न का अवार्ड गृह मंत्रालय और शुरू कर दे दादा अगर इसे विदड्रा कर लेते हैं और नहीं विदड्रा करते हैं तो पत्नी-रत्न की अवार्ड शुरू कर दें ।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (बलरामपुर) : सभापति जी, मैं आचार्य कृपलानी द्वारा प्रस्तुत विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । जब अंग्रेजी राज्य के दिनों में सरकारी खिताब, राय बहादुर, राय साहब, खान बहादुर यह पदवियाँ बाँटी जाती थीं तो हमारे हृदय में एक चिढ़ होती थी और हम समझते थे कि यह खिताब उन लोगों को दिये जा रहे हैं जिन्होंने अपनी आत्मा का सौदा किया है, जो विदेशी सत्ता के साथ अपने को जोड़ने में गौरव का अनुभव करते हैं और हृदय में यह भावना उठती थी कि जब कभी देश स्वाधीन हो गया तो फिर इस तरह की किसी भी प्रवृत्ति को प्रोत्साहन नहीं दिया जायगा । इसी बात का ध्यान रख कर हमारे सविधान के अनुच्छेद 18 में कहा गया कि सेना या विद्या सम्बन्धी उपाधियों के सिवाय और कोई खिताब राज्य प्रदान नहीं करेगा । इसके दूसरे उपबन्ध में यह भी कहा गया कि भारत का कोई नागरिक किसी विदेशी राज्य से कोई खिताब स्वीकार नहीं करेगा ।

बाद में जिस ढंग से खिताब दिये गए, जिन लोगों को दिये गए उससे ऐसा लगता है कि अगर संविधान के निर्माताओं का मंशा ठीक भी था तो भी अब तक के अनुभवों के प्रकाश में इसको समाप्त कर देना चाहिए । विद्या और सेना सम्बन्धी विशेषता के लिए राज्य सम्मान कर सकता है । हमने साहित्त अकादमो का निर्माण किया है जो साहित्यिकों को अलंकृत करती है । हमने नाट्य और संगीत अकादमी का निर्माण किया है जो इस विद्या में पारंगतता प्राप्त व्यक्तियों का समादर करती है । हमारे देश में कृषि-पंडित हैं जिन्हें हर वर्ष सम्मानित किया जाता है । अध्यापकों में भी हम प्रति वर्ष ऐसे अध्यापकों का चयन करते हैं जिन्हें हम सम्मान का अधिकारी समझते हैं और सार्वजनिक रूप से उन्हें सम्मानित करते हैं । खेलों के लिए भी इसी तरह के अभिनन्दन का प्रयत्न हुआ है ।

लेकिन भारत-रत्न, पद्म-भूषण, पद्म-विभूषण और पद्म-श्री के खिताब जिस तरह से बांटे जा रहे हैं उससे देश का सार्वजनिक जीवन दूषित हो रहा है । इन व्यक्तियों का चयन कौन करता है ? किस आधार पर चयन किया जाता है ? सभापति जी, आपको याद होगा, कई व्यक्तियों ने जो खिताब उन्हें दिया गया उसे लेने से इनकार कर दिया ।

**श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे** : बाद में लिया ।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : बहुत से लोग लेने के लिए नहीं आए । यह बात सबके लिए लागू नहीं होती । ......(**व्यवधान**)...... यह ऊंचा-नीचा क्या ? यह समाजवादी व्यवस्था में ऊंचा-नीचा कैसा ? और इसका सौदा, इसके लिए शर्तें, इसके लिए रूटना, मनाना यह अच्छी पद्धति नहीं है ।..... (**व्यवधान**)...... नेशनल हेराल्ड के सम्पादक श्री चेलापति राव नहीं आए लेने के लिए ।

**एक माननीय सदस्य** : पंडित कुंजरू ने भी नहीं लिया ।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : पंडित कुंजरू भी सम्मानित व्यक्ति हैं । और इस सरकार से कौन ऐसा सम्मान लेना पसन्द करेगा ? ऐसा सम्मान जिसे वापस कर दिया जाय । यह बताता है कि जिन्हें सम्मानित किया जा रहा है, उनसे पूछा नहीं गया । मैं पूछना चाहता हूँ कि सरकार की स्थिति उस समय क्या होती है कि सम्मान दे दिये, लेकिन जिसको सम्मानित किया जा रहा है, वह कहता है कि हमें सम्मान नहीं चाहिये । यह तो सरकार अपना अपमान करती है, लेकिन मुझे सरकार के अपमान की चिन्ता नहीं है, यह सरकार अपमानित होने लायक है ही, मुझे भारत के नागरिकों के सम्मान की चिन्ता है । सरकार इस तरह के खिताब बाँट कर नागरिक नागरिक में भेद करे, नागरिकों में से अपने दरबार की परिक्रमा लगाने वाले व्यक्तियों को तैयार करे, जिन अधिकारियों की कृपा के कोर के बल पर यह सम्मान दिया जाता है, उनकी अभ्यर्थना की जाय यह स्वतंत्र देश के स्वाभिमानी नागरिकों के लिए ठीक नहीं है ।

सभापति जी, यह भी एक प्रश्न है कि किसको दिया जाय और किसको न दिया जाय? क्या इसमें राज्य सरकारों की राय ली जाती है......

16.00 hrs.

**श्री राम धन** (लालगंज) : ली जाती है ।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : ठहरिये । दिल्ली में भारतीय जनसंघ का प्रशासन है, हम से राय नहीं ली गई । दिल्ली में ऐसे लोगों को सम्मानित किया गया, जिनके सम्मानित करने के हम खिलाफ थे...

**श्री मु० अ० खां** (कासगंज) : यहां राज्य सरकार कहां है ?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : इसलिए हम राज्य मांग रहे हैं । दिल्ली प्रशासन से कोई सलाह नहीं ली गई ··

सभापति महोदय, मैं नहीं जानता कि यह कहां तक ठीक है, लेकिन आरोप गम्भीर है और मैं गम्भीरता के साथ उसको लगाना चाहता हूँ, बम्बई से मेरे पास इस आशय की खबरें आई हैं कि इस वर्ष खिताब देने में कुछ रुपयों का आदान प्रदान भी हुआ है । यह किस स्तर पर हुआ है, मैं नहीं कह सकता, लेकिन किसी ने सम्मान प्राप्त करने के लिए केन्द्र में धन दिया, इस तरह की अफवाहें भी गर्म हैं । ये अफवाहें निराधार हो सकती हैं, लेकिन ये अफवाहें फैलाई जाती हैं, यह इस बात के लिए कारण प्रदान करता है कि सम्मान देने की पद्धति को समाप्त कर देना चाहिए ।

सभापति जी, इस वर्ष एक अभिनेता को पद्म श्री दिया गया है, मैं उनका नाम लेना नहीं चाहता, लेकिन वह हिन्दी फिल्मों के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता नहीं हैं । क्या चयन करने में धांधली की गुन्जाइश नहीं है ? क्या यह मंत्रिमण्डल के स्तर पर निर्णय होता है या गृह मंत्रालय निर्णय करता है या गृह मंत्रालय के अवर या प्रवर सचिव निर्णय करते हैं । ...... (**व्यवधान**)......लेकिन अब तो प्रधान मंत्री और गृह मंत्री दोनों ही एक हैं, तब तो सारा मामला और भी आपत्तिजनक हो जाता है, क्योंकि एक व्यक्ति के हाथ में इतने अधिकार केन्द्रित करना दुरुपयोग का दरवाना खोल देता है । इसलिए सरकार के हित में भी यही है और सरकार का संचालन करने वालों के हित में भी यही है और भारत के 50 करोड़ नागरिकों के सम्मान का तकाजा भी यही है कि इस तरह के खिताब बांटने की दूषित, विकृत, अवांछनीय और अनुचित प्रक्रिया को समाप्त कर दिया जाय ।

**श्री राम धन** : गुरुदक्षिणा भी बन्द कर दीजिए।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : आप जैसे चेलों से तो दक्षिणा लेनी ही पड़ेगी। जिन्हें इतना पढ़ाया, कुछ समझ में नहीं आया, तो दक्षिणा तो लेनी पड़ेगी।

सभापति महोदय, मैं अधिक नहीं कहना चाहता हूँ। मुझे विश्वास है कि संविधान के निर्माताओं की मंशा को ध्यान में रख कर और पिछले 23 सालों के अनुभवों के प्रकाश में यह सदन आचार्य कृपालानी के बिल को पास करेगा।

**श्री स० मो० बनर्जी** (कानपुर) : सभापति महोदय, मैं इस विधेयक का, जो आचार्य कृपालानी जी लाये हैं, पूर्ण रूप से समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ और मैं यह समझता हूँ कि उन्होंने अपने आखरी जीवन......अपने जीवन के आखिर में इस चीज को महसूस किया और इस देश की आबोहवा को कुछ गन्दगी से बचाने की कोशिश की है। इसलिए मैं उनको बधाई देना चाहता हूँ।

सभापति जी, अभी कुछ नाम आपके सामने आए, जिनको पद्म विभूषण या पद्म श्री दिये गये हैं। यह अजीब देश है, जिसकी कोई श्री नहीं है, वह पद्म श्री हो जाता है, विद्या के साथ जिसका कोई खास सम्बन्ध नहीं है, वह विद्याभूषण तो नहीं, लेकिन पद्म विभूषण हो जाता है। अभी गूजर मल मोदी का नाम लिया गया, तो कुछ आपत्ति हुई...

**श्री राम धन** : चरण सिंह ने दिया था।

**श्री स० मो० बनर्जी** : कोई भी दे। हम लोगों ने यह कहा था कि उन्होंने ऐसा कौन सा काम किया है, जिसकी वजह से उनको पद्म विभूषण दिया गया? सभापति महोदय, मैं जानता हूँ कि जिस वक्त मोदीनगर में हड़ताल हो रही थी, उस वक्त वहां पर पुलिस को बुला कर गोली से 6 मजदूरों का शिकार किया गया, उनके बाल-बच्चों को अनाथ किया गया, उनकी बीबियों के गरजते हुए सिन्दूर को पोंछ डाला गया, क्या यह बहुत बड़ा काम था जो मोदी साहब ने किया था? आप यह देखें कि समय के साथ साथ वह किस तरह बदलते हैं। अंग्रेजों के जमाने में रायबहादुर का खिताब जिसे मिलता था, जिसके दरवाजे पर हम लोग जाकर चिल्लाते थे—टोडी बच्चा, हाय हाय, ये थे अंग्रेजों के जमाने के राय बहादुर। उसके बाद जब आज़ादी आई, कांग्रेस हुकूमत में आई, तो उनको पद्म विभूषण या पद्म श्री दिये गए। मुझे ताज्जुब मालूम होता है, उनके कौन से सुरखाव के पर लगे हुए हैं? एक उद्योगपति हैं, मुनाफा कमाते हैं और मैं समझता हूँ कि गरीबों के खून को निचोड़ कर वह अपनी पूंजी जमा करते हैं, इसलिए पद्म विभूषण दिया गया। मुझे कुछ भाइयों ने कहा चरण सिंह साहब ने उनको रिकमेण्ड किया था, तो चरण सिंह की बात उस वक्त आपने इतनी ज्यादा क्यों मानी, न मानते, हम तो हमेशा नहीं मानते...

**श्री रवि राय** : आप तो उनके साथ एका करने वाले थे।... ..(व्यवधान)......

**श्री स० मो० बनर्जी** : देश की आज क्या हालत है? एक सिद्धेश्वरी देवी जी हैं, जिनको पद्म श्री का खिताब दिया गया है। आप जानते होंगे शायद आपको दिलचस्पी हो कि आज ठुमरी संगीत में वह अद्वितीय हैं, उनके मरने के बाद कोई इतना बड़ा संगीतकार पैदा नहीं होगा। उनको पद्म श्री का खिताब मिला, जब उन्होंने कहा कि मुझे रहने के लिए मकान दो, तो आज पद्म श्री पटौदी हाउस में रहती हैं, वहां उनको रहने के लिए जगह दे दी गई। मद्रास में एक

क्लेरनेट बजाने वाले को प्रेजिडेन्ट एवार्ड दिया गया, लेकिन उसके घर में फाकाकशी है और सुना तो यह गया है कि वह एवार्ड प्राप्त क्लेरनेट का बजाने वाला इन्तिजार करता है कि कब किसी बूढ़े की मौत हो, तो उसके जनाजे के साथ साथ क्लेरनेट बजाता चले, जो उसकी आजीविका है । इसलिए मैं कहता हूँ कि गलत लोगों को गलत तरीके से ये एवार्ड दिये जा रहे हैं ।

अभी साल्वे साहब ने इसके कुछ कांस्टीट्यूशनल आस्पेक्ट दिखलाये । कांस्टीचूशनल पंडित तो मैं नहीं हूँ, मैं तो विश्वास करता हूँ कि इस कांस्टीचूशन को बदलना चाहिए और जिस रफतार से इसको बदलने की कोशिश नाथपाई जी कर रहे हैं, अगर साल-दो-साल रह गये, तो शायद पूरा ही बदल देंगे ।

मुझे सिर्फ यह कहना है कि ये एवार्ड इन लोगों को ही नहीं दिये गए, इसी दिल्ली शहर में—मुझे खुशी है श्री अटल बिहारी जी ने अपना भाषण देते हुए कुछ ऐसे व्यक्तियों का जिक्र किया, जिनसे वह सहमत नहीं थे, लेकिन उन्होंने नाम नहीं लिया । यहाँ पर आचार्य जी ने भाषण देते हुए एक व्यक्ति का नाम लिया, जो फिल्म प्रोडयूसर हैं—श्री घटक—जिन्होंने गाँधी जी के बारे में कुछ ऐसे शब्द कहे जो आपत्तिजनक थे, लेकिन फिल्मों में करैक्टर को दिखाते हुए, आजकल के नौजवान ऐसे भी हो गये हैं, उस रेफरेंस में उन्होंने कहा था । हो सकता है कि वे गलत हों, लेकिन इसी दिल्ली के** उनको पद्म विभूषण या पद्म श्री दिया गया,**......

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : बिलकुल गलत बात है, शरारत की बात है ।

**श्री स० मो० बनर्जी** : **

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : समापति महोदय, मैं व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहता हूँ । इन्होंने यह कहा है कि **

मैं इनको चुनौती देता हूँ, ये इस बात को साबित करें. यह बिलकुल झूठी बात है ......(**व्यवधान**)... ये कहते हैं कि नाम नहीं लिया, ठीक किया लेकिन मैं नाम लेता हूं । ये बाहर इस बातको दोहरायें और मुकदमे का सामना करें । यह सदन क्या इसीलिए है ? **

लेकिन बाद में बरी हुए और जिन्होंने हत्या की थी उनको फांसी के तखते पर चढ़ा दिया गया ।

** इसलिए बनर्जी साहब ने जो आरोप लगाया है उसको वापिस लें ।

**श्री स० मो० बनर्जी** : ** अब उन्होंने जो संशोधन कर दिया ** उस चीज को मैं मान लेता हूं । ......(**व्यवधान**)......

**सभापति महोदय** : आपने जो नाम लिया है या जो वाजपेयी जी ने नाम लिया है वह रिकार्ड पर नहीं जाएगा ।

**श्री स० मो० बनर्जी** : मैं कुछ चीजों में श्रद्धा भी करता हूं। .....(**व्यवधान**) ...तो मैं यह कहना चाहता हूं कि इस तरह का खिताब देने से पहले यह भी देखा जाये बाकायदा कि आखिर उनका पास्ट क्या था और वह आज क्या है । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जब किसी दूसरे का नाम लिया जाता था, एक रेफेंस से हटाकर दूसरे रेफेन्स में लाकर, तब भी अगर अटल जी इसी तरह से विरोध करते तो मैं समझता कि अटलजी निष्पक्ष हैं । अगर मैंने किसी का नाम ले लिया तो उनको बुरा लग गया । मुझे उनसे कोई जाती दुश्मनी नहीं है ।

** Expunged as ordered by the Chair.

**सभापति महोदय** : आप अपने प्वाइन्ट्स पर आइये।

**श्री स० मो० बनर्जी** : मैं उन्हीं प्वाइन्ट्स को ही कह रहा हूँ जिनको कि आचार्य जी ने कहा है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि खेल कूद के मैदान में भी जो एवार्ड दिए जाते हैं उसमें भी काफी पार्शलिटी होती है। कहा गया है कि आखिर वे किस तरह से दिए जाते हैं। कमेटियां बनी हुई हैं जरूर लेकिन उसमें काफी सिफारिशें चलती हैं। मुझे मालूम हुआ है इन्फार्मेशन एंड ब्राडकास्टिंग मिनिस्ट्री के अन्तर्गत जो सांग एंड ड्रामा डिवीजन है उसके जो डायरेक्टर है जिनके खिलाफ पचासों चार्जेज़ हैं, इसी सदन में मेरे मित्र जार्ज फरनेन्डीज़ और दूसरे लोगों ने जिन को उठाया है, उनका केस भी रिकमेंड कर दिया गया है कि उनको पद्मश्री दी जाये। मैं समझता हूँ जिस तरह से अंग्रेज़ लोगों को गुलाम बनाने के लिए रायबहादुर, रायसाहब या खान-बहादुर का खिताब दिया करते थे या राजा-बहादुर और सर का खिताब दिया करते थे तो सारी जिन्दगी वे लोग उनकी गुलामी करते थे ......(व्यवधान)......

**श्री राम धन** : लेनिन पुरस्कार के बारे में भी कुछ कह दीजिए।

**श्री स० मो० बनर्जी** : हिन्दुस्तान के बारे में आज बात कर लूं, कल लेनिन के बारे में भी बता दूंगा। ......(व्यवधान)... ..आर्डर आफ लेनिन वहां पर प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए दिया जाता है। आर्डर आफ लेनिन वहां पर है और आप भी यहां पर हैं इसलिए मैं आपसे कहता हूँ कि पुरस्कार दिया जाये लेकिन प्रापर लोगों को रिवार्ड दिया जाये। हमने ट्रेड यूनियन्स में शुरू किया है कि सबसे ज्यादा उत्पादन करने वाला जो है उसकी तस्वीर उस शाप में लगी हुई है, आप जाकर देख सकते हैं। लेकिन मेरा कहना यह है कि चाहे भारत रत्न हो, पद्म-भूषण हो या पद्म-विभूषण हो या पद्म-श्री हो, उसका आज नाजायज़ इस्तेमाल किया जा रहा है। मुझे मालूम नहीं कि कांस्टीट्यूशन में अमेन्डमेन्ट का जो सवाल है वह कौन सी डेकोरेशन का है कौन सा क्या है लेकिन आचार्य जी ने बिल में कहा है :

> "Provided that this prohibition shall not apply to cash awards by the State for meritorious service in any field; and other titles expressing spontaneous appreciation or gratitude of the people themsevles, such as, "Mahatma", "Netaji", "Deshbandhu". "

अगर अटल जी को एतराज न हो तो मैं कह दूं कि इसमें गुरूजी को भी शामिल कर लिया जाये। मुझे इसमें कोई एतराज़ नहीं है, इस देश में बहुत से गुरु, महात्मा और देशबन्धु हो सकते हैं।......(व्यवधान)......कामरेड भी जोड़ सकते हैं लेकिन वह खिताब नहीं है। नेता जी इस देश में एक ही हैं, नेता लाखों हैं, उसी तरह से गुरु जी इस देश में एक ही हैं, गुरू बहुत लोग हैं। इसलिए मैं कहता हूँ कि इसमें मुझे कोई एतराज नहीं होगा। आप महात्माजी करिए तो बात समझ में आती है, महात्मा तो इस देश में बहुत से मिल जायेंगे। इसलिए मैं इस बिल को सपोर्ट करता हूँ और चाहता हूं कि यह पास हो जाये। मैं समझता हूँ इसके बारे में उनकी तरफ से कोई विरोध नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा है :

> "Nothing contained in this Act shall apply to decorations already conferred by the State. "

वह रेट्रास्पेक्टिवली होना चाहिए था लेकिन अगर रेट्रास्पेक्टिवली नहीं होता है तो प्रास्पेक्टि-

वली ही हो जाये। मैं तो चाहता हूँ कि जिन को मिला है उनसे वापिस मांगा जाये।

मुझे ताज्जुब है कि जिनको सर का टाइटिल मिला था उनको आज भी आप टेलीफोन डायरेक्टरी में देखें—सर पदमपत सिंहानिया, सर बीरेन मुकर्जी। कुछ इस तरह की आदत सी पड़ गई है। इसी तरह से लेडी बीरेन मुकर्जी, लेडी फलाने, आखिर वह सब क्या है? क्या हमारी लेडियां लेडियाँ नहीं हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि उनको मना किया जाये और डायरेक्टरी से सर हटाया जाए। जब हम लोगों ने हमेशा के लिए सर को सरका दिया है तो फिर अब सर नहीं रहना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं पूर्ण रूप से इस बिल को सपोर्ट करता हूं और चाहता हूं कि सदन इसको मंजूर करे।

SHRIMATI SHARDA MUKERJEE (Ratnagiri): Mr. Chairman, Sir, the greatest thing in our country has been not merely the attainment of political freedom but the great challenge that has been there for the people to attain true freedom, and self-respect. That is why, in this Constitution, our Constitution makers have made a very clear distinction between what is permissible, what falls within the concept of democracy and socialism and what does not.

It was in the pursuit of this spirit that we got rid of old feudal titles and so on. And yet I am surprised to see that the very people who have fought tooth and nail with princes' privy purses, just recently, should now want to substitute those titles with other titles that they want to give.

It is surprising to find this conflict and confusion of ideas among the same people. (*Interruptions*) Now, if you create this new kind of class, a class which is obligated to those in authority, then I think you will be hitting at the very basis of man's self-respect These titles are becoming cheaper by the dozen and those people who are really worthy have gone so far as to refuse these titles. Mr. Tendulkar who wrote the Biography of Gandhiji, when he was offered a title, said to Jawaharlal Nehru, 'Do you want to equate me with these people whom you have given Padma Vibhusna and Padma Bhushan? I do not want your title. In recent years, Shrimati Asha Devi Aryanayakam also refused to accept the title. Does this Government want these decorations are reduced to mere trinkets? That is what it will mean when the people will have no respect for the decorations because the decorations will be given to people who are not worthy of those decorations. Is this what you want to reduced these decorations to? I have nothing particular against people being enslaved by it because those slaves will continue to be slaves and these who have self-respect will continue to have self-respect. Does not this Bill really reflect the spirit of the Constitution? All the practice of the last few years has been in violation of the spirit of the Constitution. It is not really the words that you put into your constitution which matters. It is how you implement these words with what meaning it has. If you reduce these decorations to nothing by giving them to people who do not carry respect of the people in general, then you will be reducing the decorations to nothing.

